आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– ज़ेन–ज़ी और ज़ेन–अल्फा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।
- उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने कल सुनामी की इक्कीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर सुनामी में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आज और कल सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।
- द्वीप पर्यटन उत्सव दो हजार पच्चीस आज से शुरू हो रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण के केंद्र में रखते हुए नई नीतियां तैयार की जा रही हैं। नई दिल्ली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि जेन–ज़ी और जेन–अल्फा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा युवा भारत पहल के अंतर्गत युवाओं को कौशल विकास के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इक्कीसवीं सदी की आधुनिक शिक्षण प्राणालियों पर केंद्रित है। यह व्यावहारिक शिक्षा पर बल देती है और समस्या–समाधान कौशल विकसित करती है। श्री मोदी ने कहा कि देश आज साहिबज़ादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के अनुकरणीय साहस और बलिदान का स्मरण कर रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के 20 विजेताओं से बातचीत की। ये पुरस्कार बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल तथा कला के क्षेत्र में प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बच्चों से राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश में आतंकवाद पर कडा प्रहार कर रही है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण द्वारा आयोजित आतंकवाद विरोधी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और सभी को मिलकर इसके खिलाफ लड़ना होगा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत की आतंकवाद विरोधी क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए सभी एजेंसियों को देश और दुनिया में हुई हर आतंकवादी घटना का विश्लेषण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अभेद्य और मज़बूत 'आतंकरोधी ग्रिड' बनायी जानी चाहिए जो हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हो।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डीके जोशी ने कल सुनामी की इक्कीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर वाटर स्पोटर्स कॉम्पलेक्स स्थित सुनामी स्मारक पर सुनामी में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा, प्रशासन के आयुक्त–सह–सचिव डॉ. सचिन शिन्दे और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा स्कूली विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के मतदाता सूची पर्यवेक्षक ने मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्राप्त दावों और आपत्तियों की निगराणी के लिए कल सभी मान्याता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य निर्वाचण नामावली दो हजार छब्बीस के एस आई आर के दौरान दावे एवं आपत्तियों की प्रक्रिया की निगराणी करना था। बैठक में दावों और आपत्तियों से संबंधित महत्वूपर्ण तिथियों, सुनवाई कार्यक्रम तथा निर्वाचन नामावली के अंतिम प्रकाशन की जानकारी दी गई।

इस बीच द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि तेईस दिसंबर को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां दर्ज करने में मतदाताओं के सुविधा के लिए आज और कल तथा जनवरी माह में दस और ग्यारह तारीख को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। दावे और आपत्तियां बाईस जनवरी तक दर्ज किए जा सकते हैं। इन दिनों बूथ स्तर के अधिकारी अपने–अपने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगे।

<><><><><><><>

बहुप्रतीक्षित द्वीप पर्यटन उत्सव दो हजार पच्चीस आज से शुरू हो रहा है। इस अवसर पर द्वीपवासियों और पर्यटकों के मनोरंजन के लिए प्रदर्शनी मैदान में मुख्य समारोह आयोजित होगा। इसके अलावा द्वीपों के तीनों जिलों के निर्धारित स्थानों पर भी मुख्यभूमि और द्वीपसमूह के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उत्सव के दौरान खान–पान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर द्वीपसमूह में चल रहे विकासीय गतिविधियों को प्रदर्शित किया जाएगा। उत्सव के एक भाग के रूप में कल पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग की ओर से पेट्ट शो, उनतीस दिसम्बर को कृषि विभाग की ओर से प्रदर्शनी मैदान में पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें ताजे फूलों, सूखे फूलों की सजावट, गुलदस्ता, माला बनाना और रंगोली बनाने की प्रतियोगिता शामिल हैं। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा तीस दिसम्बर को स्वस्थ बेबी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। द्वीप पर्यटन महोत्सव का मुख्य आकर्षण राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हास्य कवि सम्मेलन है। उत्सव के दौरान शास्त्रीय, लोक और जनजातीय कला के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन महोत्सव के दौरान आज से इक्कतीस दिसम्बर तक यातायात की व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन शाम तीन बजे से रात्रि दस बजे तक हयात सिंह जंक्शन से रविन्द्र बांग्ला विद्यालय जंक्शन तक जाने वाली सड़क केवल दो पहिया वाहनों के लिए खुली रहेगी। इस मार्ग से किसी भी भारी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे वाहन अपने गंतव्य तक जाने के लिए जंगलीघाट या पुलिस लाइन की ओर का मार्ग अपना सकते है।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत मायाबन्दर के खंड परियोजना अधिकारी की ओर से पोकाडेरा पंचायत हॉल में दिव्य कला मेला – सह – दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम का हाल ही में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, कौशल तथा प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आर पी अस्पताल की जी डी एम ओ– आयुर्वेद डॉ प्रियंका इक्बाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस मेले में फूड स्टॉल भी लगाए गए थे।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में अब रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति फिर से शुरू हो गई है। इससे किसानों की लम्बी समय से चली आ रही मांग को पूरा किया जा सकेगा और द्वीप समूह में कृषि गतिविधियों को समर्थन मिलेगा। मौजूदा खरीद को एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के सिद्धांतों के साथ जोड़ा गया है, जिसमें संतुलित उर्वरक के इस्तेमाल, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार और टिकाऊ फसल उत्पादकता पर ज़ोर दिया गया है। इस बात पर ध्यान दिया जा रहा है कि उर्वरकों का इस्तेमाल समझदारी से और मिट्टी आधारित सिफारिशों के अनुसार किया जाए। प्रशासन के मुख्य सचिव के मार्गदर्शन में कृषि विभाग ने पहली खेप के रूप में दो सौ पच्चीस मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया और तीन सौ पचहत्तर मीट्रिक टन डाई–अमोनियम फॉस्फेट का प्रबंध किया है। यह खेप श्री विजया पुरम पहुँच गई है और उम्मीद है कि यह सबसे दूरदराज के द्वीपों के सभी सब–डिपो तक पहुँच जाएगी। किसानों को रासायनिक उर्वरकों का वितरण जनवरी के पहले सप्ताह से संबंधित सब–डिपो से शुरू होने की उम्मीद है।

<><><><><><><>